*Office of the Accountant General (A&E), Kerala,*
P.B.No.5607, M.G.Road, Thiruvananthapuram-695039,
Phone: 0471-2330311, Fax: 0471-2330242.

P19/II/DRSSA-71/UP

Dated: 07/11/2016

To

All District/Sub Treasury Officers

Sir,

Sub: Rate of Minimum Pension and Minimum Family Pension to the Pensioners/Family Pensioners of Uttar Pradesh State reg.

Ref: 1.SSA No.Pension Miscellaneous/LID-15984,20108/753 dated 07/09/2016 of Principal Accountant General (A&E)-II, Allahabad,Uttar Pradesh.
2.OM No. 4/2016/Gen-3-75/X-2016-308/97 T.C dated 21/01/2016 of Finance (General) Section-3, Government of Uttar Pradesh.

I am to enclose herewith copies of Government orders issued by the Government of Uttar Pradesh regarding Rate of Minimum Pension and Minimum Family Pension to the Pensioners/Family Pensioners of Uttar Pradesh State forwarded to this office with SSA by Principal Accountant General (A&E)-II, Uttar Pradesh, in the reference cited. The same is being placed in the official website of this office (www.agker.cag.gov.in) under the link :- ***"Treasury endorsement of orders for other states"***. A copy of the same may be exhibited on the notice board of the treasury.

Yours faithfully,

Accounts Officer

क्र0/सा0/1234
/10/2016

DRG/II DRSS/ /
7/10/16

R-19 289569
04/10


कार्यालय महालेखाकार (ले0 व हक0)द्वितीय
20 सरोजनी नायडू मार्ग उ0प्र0 इलाहाबाद
Phones: Off. 2622625-26 Fax; 0532-2624402


सत्यमेव जयते

04 OCT 2016

पत्रांकः–पेंशन विविध/LID- 15984,20108/753
दिनांक 07-09-2016

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक0) केरला
पो.बा. न0 5601, तिरुवनन्तपुरम 695039

विषयः– 1. वित्त (सामान्य) अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या 7/2016–सा–3–180/ दस –2016–308 (06) /2000 दिनांक 17.03.2016.

2. वित्त (सामान्य) अनुभाग–3 शासनादेश संख्या 4/2016/सा–3–75/ दस–2016–308/97 टी0सी0 दिनांक 21.01.2016.

महोदय,

उत्तर प्रदेश वित्त विभाग द्वारा जारी उपरोक्त आदेशों की प्रतियॉ संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं ।

आपसे अनुरोध है कि उक्त आदेश अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत समस्त कोषाधिकारियों /पेंशन भुगतान अधिकारियों को प्रसारित कर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा प्रति इस कार्यालय को भी प्रेषित करने की कृपा करें /

संलग्नः– यथोपरि

भवदीय

लेखाधिकारी/पेंशन विविध

उत्तर प्रदेश शासन

वित्त(सामान्य)अनुभाग-3

संख्या- 4/ 2016/ सा-3-75 / दस-2016-308/ 97 टी0सी0

लखनऊ : दिनाँक : 21 जनवरी, 2016

## कार्यालय-ज्ञाप

वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप दिनाँक 01-01-2006 के पूर्व सेवानिवृत्त राज्य सरकार के पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/ पारिवारिक पेंशन के दिनाँक 01-01-2006 से अभिनवीकरण संबंधी कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1515/ दस-008-308/ 97, दिनाँक 08-12-2008 के क्रम में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1358/ दस-2010, दिनाँक 19-07-2010, कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1648/ दस-2010, दिनाँक 12-10-2010 एवं संख्या-7/ सा-3-जी0आई0-02/ दस-2014-308/ 97 टी0सी0, दिनाँक 14-07-2014 तथा कार्यालय-ज्ञाप संख्या-सा-3-1005/ दस-2014-308/ 97 टी0सी0, दिनाँक 07-11-2014 द्वारा न्यूनतम पेंशन / पारिवारिक पेंशन की दरें निर्धारित की गयी थीं।

2- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक लोक शिकायतें एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-38/ 37/ 08 पी0 एण्ड पी0 डब्ल्यू0(ए), दिनाँक 28-01-2013 सपठित कार्यालय-ज्ञाप संख्या-38/ 37/ 08 पी0 एण्ड पी0डब्ल्यू0(ए), दिनाँक 30-07-2015 द्वारा दिनाँक 01-01-2006 से न्यूनतम पेंशन एवं न्यूनतम पारिवारिक पेंशन की दरों में पुनरीक्षण के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन एवं न्यूनतम पारिवारिक पेंशन की दरें संलग्न तालिका के अनुसार पुनरीक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- संलग्न तालिका में दी गयी दरें दिनाँक 01-01-2006 से लागू होंगी परन्तु इन आदेशों के अन्तर्गत न्यूनतम पेंशन/ पारिवारिक पेंशन की राशि का निर्धारण किये जाने के फलस्वरूप पेंशनरों / पारिवारिक पेंशनरों से कोई वसूली नहीं की जायेगी।

4- पूर्वोक्त कार्यालय-ज्ञाप दिनाँक 19-07-2010, 12-10-2010, दिनाँक 14-07-2014 एवं दिनाँक 07-11-2014 उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे। उक्त कार्यालय-ज्ञापों की अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

संलग्नक : यथोक्त

अजय अग्रवाल

सचिव, वित्त।

--2/ -

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/ 2016/ सा-3- 75 / दस-2016-308/ 97 टी0सी0, दिनॉंक 21 जनवरी, 2016 का संलग्नक

| क्रम संख्या | दिनॉंक 01-01-1986 से लागू वेतनमान | दिनॉंक 01-01-1996 से लागू वेतनमान | छठवें उ0प्र0 वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों के अनुसार दिनॉंक 01-01-2006 से संशोधित पे ब्रैण्ड | ग्रेड वेतन | पे-बैण्ड में न्यूनतम वेतन तथा ग्रेड वेतन का योग | न्यूनतम पेंशन | न्यूनतम पारिवारिक पेंशन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | 825-15-900-20-1200 | 2750-70-3800-75-4400 | 5200-20200 | 1800 | 7330 | 3665 | 3500 |
| 2- | 950-20-1150-25-1400<br>950-20-1150-25-1500 | 3050-75-3950-80-4590 | 5200-20200 | 1900 | 7780 | 3890 | 3500 |
| 3- | 975-25-1150-30-1540<br>975-25-1150-30-1660 | 3200-85-4900 | 5200-20200 | 2000 | 8060 | 4030 | 3500 |
| 4- | 1200-30-1440-30-1800<br>1200-30-1560-40-2040<br>1320-30-1560-40-2040 | 4000-100-6000 | 5200-20200 | 2400 | 9840 | 4920 | 3500 |
| 5- | 1350-30-1440-40-1800-50-2200<br>1400-40-1800-50-2300 | 4500-125-7000 | 5200-20200 | 2800 | 11,170 | 5585 | 3500 |
| 6 | 1400-40-1800-50-2400 | 4500-125-7250 | 5200-20200 | 2800 | 11,170 | 5585 | 3500 |


1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-7/ 2016-सा-3-180/ दस-2016-308(06)/ 2000

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

2-समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त(सामान्य)अनुभाग-3 लखनऊ : दिनॉक : 17 मार्च, 2016

विषय:- सेवायोजित पारिवारिक पेंशन भोगियों को महँगाई राहत।

महोदय,

शासनादेश संख्या-सा-3-628/ दस-935/ 78, दिनॉक 16-04-1981 के प्रसारित होने से पूर्व राज्य सरकार के ऐसे पारिवारिक पेंशनरों, जो किसी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के किसी विभाग/ कार्यालय में अथवा राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के अधीन किसी सार्वजनिक कंपनी/ निगम/ उपक्रम या स्वायत्तशासी प्रतिष्ठान या स्थानीय निकाय या राष्ट्रीयकृत बैंक में नियुक्त हों, को पारियारिक पेंशन पर महँगाई राहत की देयता के संबंध में कोई प्रतिबन्ध नहीं था। उक्त शासनादेश दिनॉक 16-04-1981 द्वारा यह आदेश दिये गये कि राज्य सरकार के ऐसे पारिवारिक पेंशनर जो ऊपर वर्णित कार्यालयों में सेवायोजित हैं, की पारिवारिक पेंशन पर महँगाई राहत अनुमन्य न होगी।

2- इस प्रकार राज्य सरकार के वर्तमान आदेशों के अधीन ऐसे पारिवारिक पेंशनरों, जो राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार की सेवा में अथवा उनके नियंत्रणाधीन सार्वजनिक उपक्रमों / निगमों / स्वायत्तशासी संस्थाओं में सेवायोजित हैं, को उनकी पारिवारिक पेंशन पर महंगाई राहत अनुमन्य नहीं है।

3- भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशनर तथा पेंशनभोगी कल्याण विभाग के आदेश संख्या-45/ 73/ 97-पी एण्ड पी डब्ल्यू(जी), दिनॉक 02-07-1999 के अनुसार केन्द्र सरकार के ऐसे पारिवारिक पेंशनर जो सेवायोजित हैं, को उनकी पारिवारिक पेंशन पर भी महँगाई राहत अनुमन्य होगी।

--2/ -

1-यह शासनादेश इलेक्ट्रॉनिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2-इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

4- शासन को निरन्तर इस प्रकार के प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहें है कि राज्य सरकार के अधीन सेवायोजित पारिवारिक पेंशनरों की वेतन पर महँगाई भत्ते के साथ-साथ पारिवारिक पेंशन पर महँगाई राहत का भी भुगतान अनुमन्य किया जायं।

5- प्रकरण पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि शासनादेश संख्या-सा-3-628/ दस/ 935/ 78, दिनॉक 16-04-1981 को अधिक्रमित करते हुए राज्य सरकार के ऐसे पारिवारिक पेंशनर जो राज्य सरकार की सेवा में अथवा राज्य सरकार द्वारा अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं अथवा राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक उपक्रमों / निगमों / सहकारी संस्थाओं आदि में सेवायोजित हैं तथा इस कारण उनकी पारिवारिक पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान नहीं किया जा रहा है, को तात्कालिक प्रभाव से वेतन पर महँगाई भत्ते के भुगतान के साथ-साथ पारिवारिक पेंशन पर महँगाई राहत का भी भुगतान अनुमन्य होगा किन्तु इसके अधीन किसी प्रकार के एरियर का भुगतान देय नहीं होगा।

6- इस शासनादेश के क्रम में, सेवायोजित पारिवारिक पेंशनर द्वारा पारिवारिक पेंशन पर राहत का भुगतान प्रारंभ किये जाने हेतु अपने कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से संबंधित कोषागार को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उपर्युक्त आवेदन के आधार पर कोषागार द्वारा इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से पारिवारिक पेंशन पर प्रचलित दर से महँगाई राहत का भुगतान प्रारंभ किया जायेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

भवदीय,
अजय अग्रवाल
सचिव, वित्त।

संख्या- 7/ 2016-सा-3-180(1)/ दस-2016-308(06)/ 2000, तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(2)- निदेशक, पेंशन निदेशालय, 8वां तल, इन्दिरा भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(3)- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
(4)- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(5)- अपर/ संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, उत्तर प्रदेश।
(6)- समस्त मुख्य/ वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

1-यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2-[illegible] की [illegible] वेब [illegible] [illegible] से [illegible] जा सकती है

**Office of the Accountant General (A& E) - II**
**20, Sarojini Naidu Marg, U.P., Allahabad**
Phones : Off. 2622625- 26 Fax : 0532 – 2624402
Letter No : Pension Miscellaneous / LID-15984,20108/753

Dated 07.09.2016

**To**

**The Principal Accountant General ( A&E),Kerala**
**P.B. No. 5607, Thiruvananthapuram-695039**

**Sub** : - 
1. Government Order No. 7/2016-Gen – 3-180/X-2016-308(06)/2000 dated 17.03.2016 of Finance (General) Section-3.
2. Government Order No. 7/2016-Gen – 3-75/X-2016-308/97 T.C. dated 21.01.2016 of Finance (General) Section-3.

**Sir,**

Copies of the above orders issued by the Department of Finance, Uttar Pradesh are being sent enclosed herewith.

You are requested to forward the above order to all the Treasury Officers/Pension Payment Officers under your jurisdiction and they may please be directed for taking action as per rules and copy of the same may please be forwarded to this office.

Encl. : As above

**Yours faithfully,**
Sd/-
**Accounts Officer/Pension Miscellaneous**

**Government of Uttar Pradesh**
**Finance (General) Section – 3**
**No. 4/2016/Gen-3-75/X-2016-308/97 T.C.**
**Lucknow : Dated 21 January, 2016**

## OFFICE MEMORANDUM

The rates of minimum pension and minimum family pension have been fixed vide Office Memorandum No- Gen-3-1358/X-2010 dated 19.07.2010, Office Memorandum No. Gen-3-1648/X-2010 dated 12-10-2010 and No.7/Gen-3-G.I.-02/X-2014-308/97 T.C. dated 14.07.2014 and Office Memorandum No. Gen-3-1005/X-2014-308/97 T.C. dated 07.11.2014 in continuation to OM No. Gen-3-1515/X-008-308/97 dated 08.12.2008 regarding renewal of pension/family pension of pre-01.01.2006 retired state government pensioners/family pensioners, w.e.f. 01.01.2006, consequent to accepting the recommendations of Pay Committee (2008).

2. Consequent to revision in the rates of minimum pension and minimum family pension through Department of Pension and Pensioners' Welfare, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension, Government of India OM No. 38/37/08 P&PW(A) dated 28.01.2013, read with OM No. 38/37/08 P&PW(A) dated 30.07.2015, decision has been taken by the State Government for revising the rates of minimum pension and minimum family pension as per the enclosed table.

3. The rates as given in the enclosed table shall be in effect from 01.01.2006, but as a result of fixation of the amount of minimum pension/family pension under these orders, no recovery shall be made from the pensioners/family pensioners.

4. The Above mentioned OM dated 19-07-2010, 12-10-2010, dated 14-07-2014 and dated 07-11-2014 shall be deemed revised to the above extent. Other conditions of the above Office Memoranda shall remain as it is.

Annexure : As mentioned

**Ajay Agrawal**

**Secretary, Finance**

1. This Government Order has been issued electronically, therefore signature is not required on it.
2. Authenticity of this Government Order can be verified from the website http://shasanadesh.up.nic.in.

**Enclosure of Office Memorandum No-4/2016/G-3-75/10-2016-308/97 T.C, Dated 21 January, 2016**

| | Pay Scale implemented from 01.01.1986 | Pay Scale implemented from 01.01.1986 | Revised Pay Band from 01.01.2006 as per the recommendations of 6th Pay Commission (2008) U P | Grade Pay | Sum of Minimum Pay & Grade Pay in Pay Band | Minimum Pay | Minimum Family Pension |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | 825-15-900-20-1200 | 2750-70-3800-75-4400 | 5200-20200 | 1800 | 7330 | 3665 | 3500 |
| 2 | 950-20-1150-25-1400<br>950-20-1150-25-1500 | 3050-75-3590-80-4590 | 5200-20200 | 1900 | 7780 | 3890 | 3500 |
| 3 | 975-25-1150-30-1540<br>975-25-1150-30-1660 | 3200-85-4900 | 5200-20200 | 2000 | 8060 | 4030 | 3500 |
| 4 | 1200-30-1440-30-1800<br>1200-30-1560-40-2040<br>1320-30-1560-40-2040 | 4000-100-6000 | 5200-20200 | 2400 | 9840 | 4920 | 3500 |
| 5 | 1350-30-1440-40-1800-50-2200<br>1400-40-1800-50-2300 | 4500-125-7000 | 5200-20200 | 2800 | 11170 | 5585 | 3500 |
| 6 | 1400-40-1800-50-2400 | 4500-125-7250 | 5200-20200 | 2800 | 11170 | 5585 | 3500 |

1. This Government Order is issued electronically, therefore signature is not required on it.
2. Authencticity of this Government Order can be verified from the website http://shasanadesh.up.nic.in

No.-7/2016-Gen-3-180/X-2016-308 (06)/2000

From -

Ajay Agrawal,
Secretary,
Government of Uttar Pradesh

To

1. All Principal Secretary/Secretary

Government of Uttar Pradesh

2. All Heads of Departments and Main Heads of Offices

Uttar Pradesh

Finance (General) Section-3 Lucknow : Dated 17th March,2016

Sub :- Dearness Relief to Employed Family Pensioners.

Sir,

Prior to circulation of GO No.-Gen-3-628/X-935/78, dated 16-04-1981 there was no restriction regarding the payment of Dearness Relief on family pension to those family pensioners of State Government, who are employed in any Department/Office of State Government or Central Government or posted in any Public Company/Corporation/ \Undertaking or Autonomous Establishment or Local Body or Nationalized Banks under the State Government or Central Government. Orders have been issued through the above GO dated 16-04-1981 that Dearness Relief on family pension shall not be permissible to those family pensioners of State Government, who are employed in the above mentioned offices.

2. As such under the present orders of State Government, Dearness Relief is not permissible on the family pension of those family pensioners who are employed in the service of State Government or Central Government or in Public Undertaking/Corporations/Autonomous Institution controlled by them.

3. According to Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension, Department of Pension & Pensioners' Welfare Order No.-45/73/97-P&PW(G) dated 02-07-1999, Dearness Relief shall be permissible on the family pension of those Central Government family pensioners also who are employed.

4. Government is continuously receiving such representations that payment of dearness relief on family pension along with dearness allowance on the pay of the family pensioner employed under State Government, may also be permitted.

5. After due consideration of the case the State Government have taken the decision that, in supersession to GO No.-Gen-3-628/X/935/78, dated 16-04-1981, payment of Dearness Allowance on pay along with payment of Dearness Relief on family pension shall be permissible with immediate effect to those State Government pensioners/family pensioners who are in State Government service or employed in any self governing institutions granted by the State Government or any Public Sector Undertakings/Corporations/Co-operative Institutions etc. under the control of the State Government and are not being paid Dearness Relief on family pension on account of this.

6. In continuation to this GO, the employed family pensioner shall submit an application to the respective Treasury through their Heads of Office for starting the payment of relief on family pension. On the basis of the application, payment of Dearness Relief on family pension, at the prevailing rate shall be commenced by the treasury from the date of issue of this GO.

These orders will be applicable with immediate effect.

**Yours faithfully,**

**Ajay Agrawal**
**Secretary, Finance**

**No.-7/2016-Gen-3-180(1)/X-2016-308(06)/2000, Even dated**

**Copy forwarded to the following for information and necessary action :-**

(1) Accountant General (A&E)-II, Uttar Pradesh, Allahabad

(2) Director, Pension Directorate, 8th Floor, Indira Bhawan, Uttar Pradesh, Lucknow

(3) All Divisional Commissioners, Uttar Pradesh

(4) All District Officers, Uttar Pradesh

(5) Additional/Joint Director, Treasury and Pension, Uttar Pradesh

(6) All Chief/Senior Treasury Officer, Uttar Pradesh

**By order,**

**Neel Ratan Kumar**
**Special Secretary**

This Government Order has been issued electronically, therefore signature is not required on it.